## संक्षिप्त

### धोखाधड़ी करने वाले दो गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। स्पेशल ऑफेंसेज एण्ड साईबर क्राईम थाना पुलिस ने जयपुर की एक फिनटेक कम्पनी के साथ 80 लाख रुपये की ठगी करने वाले दो बदमाशों को सूरत (गुजरात) से गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अजय पाल लांबा ने बताया कि आरोपियों ने ठगी की वारदात फिनटेक के कम्पनी के आधार एनेबल पेमेंट गेटवे का एजेंट बनकर ठगी की थी। वहीं गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। आधार एनेबल पेमेंट गेटवे द्वारा ठगी करने का यह स्पेशल ऑफेंसेज एण्ड साईबर क्राईम थाना जयपुर का प्रथम मामला दर्ज है। इसके अलावा एक मामले में आरोपियों द्वारा वीडियो कॉल कर स्क्रीन रिकॉर्डिंग करके ब्लैकमेल करने के नाम पर पैसे मांगने के आरोप में शास्त्री नगर जयपुर निवासी ने मामला दर्ज करवाया है। लांबा ने बताया कि ब्लैकमेलर अश्लील वीडियो चलाकर संबंधित व्यक्ति की स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर लेते है और यू-ट्यूबर बनकर यूट्यूब पर अश्लील वीडियो अपलोड नहीं करने के नाम पर पैसे मांगते है और उसके बाद पुलिस अधिकारी बनकर महिला से अश्लील बाते करने के आरोप में धमकाकर भी रूपये ऐंठते है।

### डिजास्टर मैनेजमेंट पर लाइव डेमो आज

**जयपुर** । राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के सेमिनार हॉल में एसडीआरएफ राजस्थान की ओर से विद्यार्थियों के लिए आपदा प्रबंधन लाईव डेमो आज सुबह साढ़े 11 बजे होगा। राज्य आपदा प्रतिसाद बल के कमाण्डेन्ट राज कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं के बारे में आम जानकारी, आपदा राहत उपकरण प्रदर्शनी तथा लाईव डेमो का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि डेमास्ट्रेशन में अचानक घटित होने वाली आपदा व घटनाओं से किस तरह बचा जा सके एवं आपदा की स्थिति में रेस्क्यू टीमों के घटनास्थल पर पहुँचने से पूर्व आमजन द्वारा अन्य नागरिकों एवं घायलों की मदद किस प्रकार की जा सकती है की जानकारी प्रदान की जायेगी। साथ ही आपदा की स्थिति में किस प्रकार आमजन द्वारा फर्स्ट रिस्पांडर का कार्य करते हुए स्वयं एवं अन्य नागरिकों की सहायता करने की सिखलाई दी जायेगी।

### 6 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीबी में

**जयपुर** (कासं)। गृह विभाग ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में 6 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का चयन किया है। गृह विभाग के संयुक्त शासन सचिव जगबीर सिंह ने बुधवार को आदेश जारी कर अतुल साहू अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीबी अजमेर, पवन कुमार मीणा को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीबी गंगानगर, कैलाश सिंह साधु को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीबी चित्तौड़, बलराम सिंह को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीबी मुख्यालय जयपुर, पारस सोनी को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीबी पाली और सुरेंद्र सिंह को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीबी मुख्यालय जयपुर लगाया गया है।

### होटल में युवती से दुष्कर्म

**जयपुर** (कासं)। जवाहर सर्किल इलाके में एक दलित युवती से होटल में दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार मूलतया जिला दौसा निवासी 26 वर्षीया युवती ने रिपोर्ट दी है। वह ऑनलाइन जॉब सर्च कर रही थी। इस दौरान जयपुर निवासी पुष्पेंद्र जैन से सम्पर्क हुआ। आरोप है 8 जनवरी को पुष्पेंद्र ने पीड़िता को जॉब के लिए जयपुर बुलाया और डब्ल्यूटीपी मॉल के पास स्थित होटल टाउन हाउस ले गया। यहां चाय में नशीला पदार्थ पिलाया। इसके बाद कमरे में बेहोशी की हालत में दुष्कर्म किया।

# नौकरी लगवाने के नाम पर युवती का देहशोषण करने वाला गिरफ्तार

## आरोपी ने खुद को आईएएस व मंत्री का पीए बताकर जाल में फंसाया था

**जयपुर** (कासं)। आई.ए.एस. और मंत्री का फर्जी पीए और सीएमओ में खुद को रीडर बताकर नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक युवती से देह शोषण करने के मामले में शातिर आरोपी को आमेर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) परिस देशमुख ने बताया कि आरोपी सौरभ कुमार उर्फ विष्णु उर्फ देवेश नदबई जिला भरतपुर को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में एक युवती ने 2 जनवरी को थाने में मामला दर्ज करवाया कि 3 नवंबर को सौरभ कुमार ने बताया कि वह सीएमओ ऑफिस में रीडर के पद पर कार्यरत है। उसकी अच्छी पहुंच है। वह उसकी नौकरी लगवा देगा, जिसके पैसे लगेंगे। आरोपी ने नौकरी लगाने का झांसा देकर 8 लाख 47 हजार रुपए हड़प लिए। पैसे लेने के बाद आरोपी उसे भरतपुर में ले गया जहां उसके फर्जी कागजात बनाए और उसके साथ गलत काम किया। आरोपी सौरभ कुमार शर्मा पेशेवर एवं आदतन अपराधी है जो फर्जी आईएएस मंत्री का पीए, सीएमओ में रीडर पद पर कार्यरत बताकर नौकरी लगाने का झांसा देता है। विश्वास में लेने के बाद उनसे पैसे हड़प लेता है। अब तक वह नौकरी लगवाने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी कर चुका हैं। आरोपी के खिलाफ पहले भी मामले दर्ज हुए थे। आरोपी वर्ष 2014 में भी फर्जी आईएएस, मंत्री का पीए बताकर ठगी कर चुका है। गिरफ्तार आरोपी सौरभ के खिलाफ भरतपुर के पुलिस थाना नदबई, सेवर, चिकसाना, बयाना, लखनपुर तथा जिला अजमेर के पुलिस थाना सदर कोतवाली, जयपुर के पुलिस थाना ज्योति नगर में फर्जी आईएएस, मंत्री का पीए और सीएमओ में रीडर के पद पर कार्यरत बताकर ठगी और मारपीट के अलग अलग प्रकरण दर्ज चल रहे हैं।

आरोपी सौरभ कुमार ( नीचे बैठे हुए )

- आरोपी ने नौकरी लगाने का झांसा देकर युवती से 8 लाख 47 हजार रु. भी हड़पे लिए
- गिरफ्तार आरोपी सौरभ के खिलाफ भरतपुर के नदबई, सेवर, चिकसाना, बयाना व लखनपुर थाने व अजमेर के पुलिस थाना सदर कोतवाली, जयपुर के ज्योति नगर थाने में कई मामले दर्ज है।
- आरोपी खुद को आईएएस, मंत्री का पीए और सीएमओ में रीडर बताकर अब तक लाखों रुपये की ठगी कर चुका है

## बिजली कार्मिकों का शक्ति प्रदर्शन

**जयपुर।** राजस्थान विद्युत कर्मचारी, अभियंता एवं अधिकारी संयुक्त संघर्ष समिति के नेतृत्व में विद्युत निगमों के कार्मिकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शहीद स्मारक पर एकजुट होकर दिनभर शक्ति प्रदर्शन किया। इस बीच मुख्य सचिव उषा शर्मा से बातचीत हुई, लेकिन बात नहीं बनी।

संघर्ष समित के बजरंग लाल मीणा और डी.डी. शर्मा ने बताया कि समिति के प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से बात करवाने की मांग करने लगे। इसके बाद शाम को राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम के सीएमडी आशुतोष एटी पेडनेकर कार्मिकों के प्रतिनिधि मंडल से बातचीत हुई। सकारात्मक बातचीत होने के बाद देर शाम धरना समाप्त किया। राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ बीएमएस एवं राजस्थान इंटक, सीटू, एटक, अधिकारी इंजीनियर एसोसिएशन जैसे विभिन्न संगठनों से जुड़े कार्मिक आज अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एकजुट हुए। इस बीच मुख्य सचिव ने वार्ता के लिए बुलाया। मुख्य सचिव ने कार्मिकों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से बात करने का आश्वासन दिया, हालांकि कार्मिक मुख्यमंत्री से बातचीत कराने पर अड़े। इस बीच उर्जा विभाग के मुख्य सचिव ने प्रसारण निगम के सीएमडी के साथ वार्ता के लिए कार्मिकों से कही, इस पर कार्मिकों और सीएमडी के बीच उनकी विभिन्न मांगों को लेकर बातचीत हुई। इसमें सीएमडी ने फरवरी तक इंतजार करने की बात कही।

## 'ड्रग्स माफियाओं की धमकी से तंग बेटे ने की आत्महत्या'

### मृतक की मां ने तीन पडौसियों पर स्मैक तस्करी का आरोप लगाते हुए नामजद केस दर्ज कराया

**जयपुर** (कासं)। शास्त्रीनगर इलाके में गत दिनों युवक द्वारा खुदकुशी के मामले में ड्रग्स माफियाओं पर परेशान करने का आरोप लगा है।

थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया 17 नवंबर 2022 को इंद्रा वर्मा कॉलोनी निवासी रितिक (21) ने अपने घर पर फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली थी। मृतक स्मैक का आदि था। अब मृतक की मां आशा देवी ने इस्तगासे के जरिए मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है घर के पास ही रहने वाले जानकी लाल मीणा, अनिल मीणा और बलवीर सिंह स्मैक तस्करी में लिप्त है, जिन्होंने रितिक को स्मैक की लत लगवाई और बाद में स्मैक बिकवाने लगे। रितिक ने स्मैक बेचने से मना किया तो उसे जान से मारने की धमकी। इससे तंग आकर रितिक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## हाऊसिंग बोर्ड ने 27 करोड़ की भूमि से हटाया कब्जा

### प्रताप नगर की एनआरआई कॉलोनी में तीन दशक से था काश्तकारों का कब्जा

हाऊसिंग बोर्ड की टीम ने बुधवार को प्रताप नगर की एनआरआई कॉलोनी में सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाया।

**जयपुर** (कासं)। हाऊसिंग बोर्ड ने बुधवार को प्रताप नगर की एनआरआई कॉलोनी में 27 करोड़ रु. 4 हजार वर्गमीटर जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाया। इस कॉलोनी में पिछले 3 दशक से काश्तकारों ने अवैध कब्जा कर रखा था। बुधवार को आवासन टीम ने अवैध अतिक्रमण हटाकर काश्तकारों को मौके पर ही पट्टे दिए। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा भी बुधवार सुबह अधिकारियों की टीम के साथ एनआरआई कॉलोनी में पहुंचे। उन्होंने 10 खातेदारों को पट्टे दिए गए और उसके बाद वर्षों पुराने कब्जे को ध्वस्त कराया।

कॉलोनी से अतिक्रमण हटने के बाद स्थानीय निवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि काश्तकारों के कब्जे हटने से कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो सकेगी और कॉलोनी का सौंदर्यीकरण भी हो सकेगा। इससे पूर्व कॉलोनी में ही 5 करोड़ रुपए कीमत की करीब 1 हजार वर्ग मीटर भूमि पर से भी अतिक्रमण हटवाया गया था। कॉलोनीवासियों ने इसके लिए आवासन आयुक्त का भी आभार जताया है। आयुक्त ने इस अवसर पर पुलिस आयुक्त आनंद श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक राजीव पचार सहित जाप्ते में लगे सभी पुलिस अधिकारियों और कार्मिकों का भी सहयोग के लिए आभार जताया। इस दौरान अति. मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल, उप आवासन आयुक्त केसी ढाका, आवासीय अभियंता सुभाष यादव मौजूद थे।

# कैमरे ऑनलाइन किराए पर लेने के बहाने ठगने वाला गिरफ्तार

## फर्जी मोबाइल सिम से इंटरनेट कॉल पर बातचीत करती है गैंग, फर्जी बिल बनाकर ऑनलाइन बेचते थे सामान

**जयपुर** (कासं)। सिंधी कैंप थाना पुलिस ने ऑनलाइन कैमरे किराये पर लेने के नाम पर ठगी करने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने 9 लाख रुपये कीमत के कैमरे और लैंस बरामद किए है। पुलिस जानकारी में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में दिल्ली और आसपास के इलाकों में हत्या, लूट, नकबजनी सहित धोखाधडी के पांच से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है। इसके अलावा आरोपित ने जयपुर के जवाहर नगर थाना इलाके में भी इसी प्रकार की धोखाधड़ी है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

डीसीपी वन्दिता राणा ने बताया कि सिंधी कैंप पुलिस ने ऑनलाइन कैमरे किराये पर लेने के नाम पर ठगी करने वाले शातिर ठग नरेन्द्र कुमार निवासी मदनगिर देओली दक्षिणी दिल्ली को गिरफ्तार कर उसके पास से 9 लाख रुपये के कैमरे और लैंस बरामद किए है। गिरफ्तार आरोपी नरेन्द्र जो कि इस प्रकार की वारदातों का मास्टरमाइंड है, अपने साथी आरोपियों के साथ चोरी के वाहन व फर्जी मोबाइल सिम कार्ड और फर्जी पहचान पत्रों का उपयोग करते हुए शूटिंग के लिए ऑनलाइन कैमरों की किराये पर बुकिंग करते है तथा किराये पर कैमरों द्वारा शुटिंग के बहाने पार्टी को कैमरे लेकर किसी होटल या रेस्त्रां में बुलाते है। जहां सम्बन्धित व्यक्ति को खाने-नाश्ते के बहाने घुमाने का झांसा देकर मौका मिलते ही लाखों रुपये कीमत के महंगे कैमरे-लैंस लेकर फरार हो जाते है। आरोपित वारदात के दौरान केवल व्हाट्सएप कॉल से अपने साथी से बात करता है तथा वारदात के पश्चात अलग-अलग शहर छोड़कर दिल्ली में पहले से तय स्थान पर मिलते है। आरोपित फर्जी सिम कार्ड व मोबाइल को तोड़कर फेंक देते है तथा कैमरों के फर्जी बिल तैयार कर दूसरे फर्जी मोबाइल नंबरों का प्रयोग करते हुए ओएलएक्स ऐप इत्यादि के माध्यम से ऑनलाइन खरीददारों से संपर्क कर उन्हें महंगी कीमत पर कैमरे बेच देते है। आरोपित पूर्व में दिल्ली में हत्या, लूट का प्रयास, चोरी, नकबजनी व धोखाधडी के कई मामलों में गिरफ्तार होकर लम्बे समय तक तिहाड़ जेल में रहा है। प्रॉपर्टी को लेकर की गई हत्या के एक मामले में वर्ष 2016 में जेल में गया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।



शातिर ठग नरेन्द्र कुमार

- पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 9 लाख रु. कीमत के कैमरे और लैंस बरामद किए

## बस पार्किंग में मिली युवक की लहुलुहान लाश

**जयपुर** । मालवीय नगर सेक्टर-3 में केडिया टूर एंड ट्रेवल्स की बस पार्किंग में बुधवार को युवक का लहुलुहान शव मिलने से अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना पाकर मालवीय नगर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मौके से साक्ष्य जुटाए।

पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान बिहार निवासी अक्षय (25) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि किसी रॉड से उसके सर पर कई वार किए गए, इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। बदमाशों ने सड़क किनारे खड़ी बसों के पीछे शव छिपाकर रख दिया। इस संबंध में केडिया टूर एंड ट्रेवल्स के मैनेजर ने शिकायत दी थी। यह शव मालवीय नगर सेक्टर 3 स्थित केडिया टूर एंड ट्रेवल्स के पास पावर हाउस की दीवार पर मिला। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है, शव को जयपुरिया अस्पताल में रखवाकर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## दुबई की कंपनी से साढ़े छह करोड़ रुपये की ठगी

**जयपुर** (कासं)। वैशाली नगर थाने में दुबई के एक व्यापारी ने पिता-पुत्र समेत चार लोगों के खिलाफ साढ़े 6 करोड़ रुपए की ठगी का मामला दर्ज कराया है। कारोबारी महेन्द्र कुमार की दर्ज हुई एफआईआर के अनुसार दिसम्बर में जब वित्तीय वर्ष पूरा हुआ तो कम्पनी के कैश के स्टेटमेंट और लेजर चैक किए तो पता चला कि कम्पनी के खाते से साढे 6 करोड़ रुपए गायब हैं। पीड़ित ने इस सम्बंध में वैशाली नगर थाने में मोहित और उसके पिता जयपाल सहित घनश्याम और रामलाल के खिलाफ ठगी करने का मामला दर्ज कराया है।

पुलिस ने बताया कि कारोबारी महेन्द्र कुमार की रिपोर्ट के अनुसार उसके वॉल सिटी में रहने वाले उसके पुराने परिचित घनश्याम व रामलाल के कहने पर सीकर के एक लड़के मोहित को वर्ष 2019 में दुबई में नौकरी में रखा। इस दौरान मोहित ने दुबई में काम करने के दौरान अपने पिता जयपाल को भी दुबई बुला लिया। दोनों बाप-बेटे ने कम्पनी में अच्छा काम किया। मोहित का काम इतना अच्छा था कि कारोबारी महेन्द्र कुमार ने पूरे साल कैश स्टेटमेंट और लेजर चैक ही नहीं किया करते थे। मोहित ने मन लगाकर काम किया और कारोबारी महेन्द्र कुमार का भरोसा जीत लिया। सेल्स का काम देख रहे मोहित को जल्द ही खुश होकर कारोबारी ने कैश और लेजर के काम पर प्रमोट कर दिया। तीन साल काम करने के बाद मोहित पिछले साल दिसम्बर में अपने पिता के साथ जयपुर आ गया। उसने अपनी दादी की बीमारी का बहाना बनाया। पिता-पुत्र के जयपुर आने के बाद दुबई का वित्तिय वर्ष समाप्त होने पर दिसम्बर महीने के अंत में जब महेन्द्र कुमार ने कैश और लेजर संभाला तो उनके होश उड गए। कारोबारी महेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपियों ने करीब तीन मिलियन दिरहाम जो कि साढ़े 6 करोड़ भारतीय रुपए होते हैं। मोहित के पिता जयपाल से बात की तो पता चला कि मोहित के पास दो करोड़ रुपए बचे हैं। बाकि रकम बिटकॉइन में लगा दी।

# राजस्थान यूनिवर्सिटी के 865 कर्मचारियों ने किया कार्य-बहिष्कार

राजस्थान यूनिवर्सिटी में कार्यरत 800 से ज्यादा कर्मचरियों ने बुधवार को कार्य बहिष्कार कर विरोध जताया।

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान यूनिवर्सिटी में ठेका प्रथा बंद कर संविदा नियम के तहत नियुक्ति देने कि मांग को लेकर यूनिवर्सिटी के 800 से ज्यादा कर्मचरियों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संविदा कर्मचारियों ने अपनी 3 सूत्री मांगों को लेकर बुधवार से कार्य बहिष्कार कर दिया है। इसके चलते यूनिवर्सिटी में आने वाले तमाम छात्रों के साथ परमानेंट स्टाफ को खासी परेशानी उठानी पड़ी।

संविदा कर्मचारी संघ के मुताबिक राजस्थान यूनिवर्सिटी के सभी विभागों और संघटक कॉलेजों में वित्त विभाग की ओर से स्वीकृत संविदा पदों पर 865 कर्मचारी काम कर रहे है। इनमें से 80 फीसदी कर्मचारी 10 साल से ज्यादा समय से प्लेसमेंट एजेंसी के जरिए ठेके पर लगे हुए हैं। जिन्हें न्यूनतम वेतन 300 रुपए प्रतिदिन से भी कम मिल रहा है। जिससे घर चलना भी मुश्किल हो गया है। ऐसे में सिंडिकेट की बैठक बुलाकर कर्मचारियों को 600 रुपए प्रतिदिन किया जाए। इसके साथ ही राज्य सरकार के ठेके पर लगे कर्मचारियों को संविदा नियम 2022 में सम्मिलित करें। ताकि सालों से यनिवर्सिटी में नौकरी कर रहे लोगों को जीवन सुरक्षित हो सके। जब तक यूनिवर्सिटी प्रशाशन हमारी इस मांग को पूरा नहीं करेगा हमारा आंदोलन जारी रहेगा। संविदा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ओम सिंह ने बताया कि यूनिवर्सिटी में ठेका प्रथा बंद कर कर्मचारियों को संविदा पर रखा जाए। जिनका प्रति दिन न्यूनतम वेतन 600 रुपए करते हुए महीने में 26 दिन के जगह पर 30-31 दिन काम पर बुलाया जाए। इसके साथ ही कर्मचारियों का दुर्घटना, मृत्यु बीमा भी किया जाए। जब तक हमारी इन मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा। हमारा सामूहिक कार्य बहिष्कार और अनिश्चतकालीन धरना जारी रहेगा।

- संविदा नियम में शामिल करने और हर दिन 600 रुपए भुगतान देने की मांग उठाई

## सार-समाचार

### कॉलोनियों के नियमन की मांग उठाई

पार्षद पीयूष किराडू ने बुधवार को जेडीए उपायुक्त सुरेश चौधरी को ज्ञापन सौंपकर वार्ड 63 की कॉलोनी महालक्ष्मी नगर, पीतांबर नगर, कैलाशपुरी मैन और जय माता वैष्णो नगर में नियमन शिविर लगाने की मांग रखी।

**जयपुर** । ग्रेटर निगम के वार्ड 63 के पार्षद पीयूष किराडू ने महालक्ष्मी नगर, पीतांबर नगर, कैलाशपुरी मैन और जय माता वैष्णो नगर में नियमन शिविर लगाने की मांग उठाई है। उन्होंने बुधवार को कॉलोनी के लोगों के साथ जेडीए जोन-18 के उपायुक्त सुरेश चौधरी को ज्ञापन भी सौंपा। पार्षद पीयूष किराडू ने बताया कि वार्ड में करीब एक हजार से अधिक पट्टे मिलने अभी शेष है। इन तमाम कॉलोनियों का नियमन नहीं होने के कारण लोगों को सड़क, पानी, सीवरेज, रोड लाइट व पार्क की सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है। वार्ड के लोगों ने कई बार जेडीए में आवेदन कर कॉलोनी में नियमन कैंप लगान की मांग उठाई है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बुधवार को उपायुक्त सुरेश चौधरी से मुलाकात कर हमने कॉलोनी के नियमन के लिए ज्ञापन सौंपा है। अगर 10 दिन के भीतर जेडीए प्रशासन ने हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया बड़ा विरोध-प्रदर्शन जायेगा।

### 'एग्जाम वॉरियर्स' का लोकार्पण

राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखी गई पुस्तक 'एग्जाम वॉरियर्स' के हिंदी और अंग्रेजी संस्करण का बुधवार को राजभवन में लोकार्पण किया।

**जयपुर** । राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखी गई पुस्तक 'एग्जाम वॉरियर्स' के हिंदी और अंग्रेजी संस्करण का बुधवार को राजभवन में लोकार्पण किया। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) द्वारा इस पुस्तक का भारत भर में उपयोग सुनिश्चित करने के लिए इसका विभिन्न भाषाओं में अनुवाद किया गया है। लोकार्पण के बाद मिश्र ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए ही नहीं यह शिक्षकों और अभिभावकों के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि मोदी ने मूलत: परीक्षा के दौरान बच्चों में होने वाले तनाव के संदर्भ में इस पुस्तक का लेखन किया है। पर इसमें जीवन प्रबन्धन पर भी विशिष्ट जानकारियां दी गई है। उन्होंने बताया कि पुस्तक में विद्यार्थियों की सहायता के लिए योग के कई आसनों के साथ ही परीक्षा को उत्सव, उमंग और उल्लास से देने, परीक्षा पर हंसते हुए जाने और मुस्कराते हुए आने, वर्तमान में रहने, खेलों से जीवन सँवारने आदि पर भी महती सूत्र दिए गए हैं। पुस्तक में शिक्षकों को पत्र लिखने के साथ ही ज्ञान को स्थायी सम्पदा बताते जीवन भर सीखने का आव्हान किया गया है। एनबीटी के निदेशक युवराज मलिक ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा असमी, गुजराती, कन्नड, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, उर्दू आदि भारतीय भाषाओं में इसके अनुदित संस्करण प्रकाशित किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'परीक्षा पे चर्चा' संवाद प्रयोजन से इसे लिखा था।

### 'गांव-ढाणी तक योजनाएं पहुंचाएं'

**जयपुर** । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव, डॉ समित शर्मा ने कहा कि सूचना तकनीक के माध्यम से विभाग में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को सरकारी सेवाओं का लाभ तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव-ढाणी तक त्वरित गति से पहुंचाने में आईटी का उपयोग बढाने के निर्देश दिये। उन्होंने विभाग के सुदृढीकरण एवं डिजीटलाइजेशन की दिशा में एक कदम ओर बढाते हुए आवश्यकतानुसार कम्प्यूटर मय प्रिन्टर व स्कैनर क्रय करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। डॉ.शर्मा आज बुधवार को शासन सचिवालय स्थित अपने कक्ष में विभागीय योजना प्रभारी अधिकारियों के कार्यों, बजट घोषणाओं और विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में आयोजित बैठक की समीक्षा कर रहे थे।

### टैक्सी चालक का अपहरण कर लूटपाट

**जयपुर** (कासं)। गांधीनगर इलाके से टैक्सी चालक का अपहरण कर लूटने का मामला सामने आया है। थानाधिकारी सुरेंद्र यादव ने बताया गांव खेड़ा ठाकुर, रुदावल जिला भरतपुर निवासी रवि सिंह (24) जयपुर में किराए से रह कर टैक्सी चलाता है। घटनाक्रम के मुताबिक 16 जनवरी को कुछ लड़कों ने नारायण सिंह सर्किल से मानसरोवर के लिए ऑनलाइन टैक्सी बुक की थी। पीड़ित 4 लड़कों को नारायण सिंह सर्किल से बिठा कर मानसरोवर ले गया। आरोप है यहां लड़कों ने उससे मारपीट की मोबाइल और जेब में से 2 हजार रूपए लूटे टैक्सी लेकर फरार हो गए। घटनास्थल से कुछ दूरी पर टैक्सी बरामद हुई है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। इसी तरह खोह-नागोरियान इलाके में एक युवक के अपहरण के बाद लूट का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया राजीव गांधी नगर विस्तार निवासी गजेंद्र कुमार ने रिपोर्ट दी है। आरोप है कुछ दिन पहले अनिल मीणा अपने अन्य साथियों के साथ उसका अपहरण कर ले गया। रास्ते में मारपीट के बाद सोने की चेन और 5 हजार रूपए लूट लिए।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले गिरफ्तार

**जयपुर** । सदर थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम वन्दिता राणा ने बताया कि सदर थाना पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में घड़साना जिला गंगानगर के रहने वाले सुनील सिंह और गौरव अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सुनील सिंह निवासी जयपुर निवासी नाबालिक लडकी के सम्पर्क में आया था तथा फोन पर बातचीत करने लगा। इसके पश्चात सुनिल सिंह अपने दोस्त गौरव अग्रवाल के साथ दो-तीन बार जयपुर आया था । लड़की के साथ शादी का झांसा देकर होटल में दुष्कर्म किया। इस संबंध में पीडिता मां ने थाने में मामला दर्ज करवाया था कि गंगानगर निवासी जसविन्द्र सिंह उर्फ जस्सी, सुनील सिंह व गौरव अग्रवाल ने उसकी नाबालिग पुत्री को कोल्ड ड्रिंक में कोई नशीली वस्तु मिला कर पीला दी तथा वहीं पर पास ही एक होटल के कमरे में ले जाकर गलत काम किया। साथ ही मोबाइल से अश्लील विडियो बना ली। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगे।

### बुक लवर्स से रूबरू होंगी सुधा मूर्ति

**जयपुर** (कासं)। सुप्रसिद्ध समाजसेविका और लेखिका सुधा मूर्ति गुरुवार को जयपुर के बुक लवर्स से रूबरू होंगी। ये मौका होगा रजत बुक कार्नर और पफिन बुक्स के संयुक्त तत्वावधान और फिक्की फ्लो के सहयोग से होने जा रहे कार्यक्रम इन कन्वर्जेशन विद सुधा मूर्ति का। शहर के तोतुका भवन में आयोजित होने जा रहे इस कार्यक्रम में जयपुर, हैदराबाद और मसूरी से आए 6 बच्चें पैनल में शामिल होते हुए मंच पर सुधा मूर्ति से चर्चा करते दिखेंगे। इस दौरान बच्चें मूर्ति से उनकी नई किताब द मैजिक ऑफ़ लॉस्ट स्टोरी के साथ ही उनके जीवन की प्रेरणा, किताबों से उनके प्रेम और उनके लेखन के बारे में वार्ता करेंगे। बच्चों के लिए खास आयोजित होने जा रहे कार्यक्रम में सभी फिक्की फ्लो की महिला मेंबर्स और अतिथि अपने बच्चों के साथ सैशन को एन्जॉय करेंगी।